झूठे शिक्षकों से निपटना

हिंदी अनुवादक: पादरी विजय पाल सिंह

पाठ 12 सितम्बर 19, 2026 के लिए

"क्योंकि हमारी लड़ाई के हथियार
शारीरिक नहीं, पर गढ़ों को ढा देने के
लिये परमेश्वर के द्वारा सामर्थी हैं।"
(2 कुरिन्थियों10:4)

पौलुस ने सभी कलीसियाओं के विषय में लगातार जानकारी प्राप्त करते रहना अपना लक्ष्य बना लिया था। क्यों? यह जानने के लिए कि क्या उन्हें किसी सहायता, भेंट, सांत्वना या प्रोत्साहन के किसी शब्द की आवश्यकता है (2 कुरिन्थियों 11:28)

कभी-कभी उसे ऐसे झूठे शिक्षकों के बारे में जानकारी मिलती थी, जो विश्वासियों को ठोकर खिलाने का कारण बन रहे थे। जब ऐसा होता था, तो प्रेरित का क्रोध भड़क उठता था (2 कुरिन्थियों 11:29)

कुरिन्थियों को लिखे अपने दूसरे पत्र के अंत में, पौलुस इन झूठे शिक्षकों की समस्या को संबोधित करता है। हम उन्हें कैसे पहचान सकते हैं? इस आत्मिक युद्ध में हम उनके विरुद्ध कैसे लड़ सकते हैं? हम उन पर कैसे विजय प्राप्त कर सकते हैं?

आत्मिक युद्ध:

- आक्रमण के हथियार (2 कुरिन्थियों 10:1-11)
- सही बचाव (2 कुरिन्थियों 10:12-18)

झूठे शिक्षकों से निपटना:

- प्रेरितों के वेश में धोखा देने वाले (2 कुरिन्थियों 11:1-15)
- पौलुस और झूठे शिक्षक (2 कुरिन्थियों 11:16-31)
- आत्म-परीक्षण और विजय (2 कुरिन्थियों 12:14-13:10)

आत्मिक युद्ध

आक्रमण के हथियार

"क्योंकि हमारी लड़ाई के हथियार शारीरिक नहीं, पर गढ़ों को ढा देने के लिये परमेश्वर के द्वारा सामर्थी हैं।" (2 कुरिन्थियों 10:4)

पौलुस पर आरोप लगाया गया कि वह व्यक्तिगत रूप से कायर और अनाड़ी था, जबकि अपने पत्रों में कठोर बातें लिखता था (2 कुरिन्थियों 10:10)

इस तर्क के उत्तर में, पौलुस ने स्पष्ट रूप से बताया कि वह व्यक्तिगत रूप से भी उतना ही कठोर हो सकता था जितना कि किसी पत्र में, लेकिन वह "शारीरिक हथियारों" (जैसे अधिकार जताना, शारीरिक दंड देना या अपनी प्रशंसा करना) का सहारा लेने के स्तर तक नहीं गिरता था, बल्कि केवल उन हथियारों का उपयोग करता था जो "परमेश्वर में सामर्थी" हैं (2 कुरिन्थियों 10:2-4)

इन "हथियारों" में मसीह की नम्रता और दीनता के साथ व्यवहार करना भी शामिल है (मत्ती 11:29)। लेकिन इनमें गलत काम के विरुद्ध दृढ़ता से खड़ा होना भी शामिल है, जैसा कि यीशु ने किया था (मत्ती 21:12-13), या आवश्यकता पड़ने पर स्पष्ट रूप से बोलना (मत्ती 23:23-27)

पौलुस को उसका अधिकार मसीह ने दिया था, और वह इसका उपयोग हमेशा निर्माण करने के लिए करता, न कि नष्ट करने के लिए (2 कुरिन्थियों 10:8)

सही बचाव

"क्योंकि जो अपनी बड़ाई करता है वह नहीं, परन्तु जिसकी बड़ाई प्रभु करता है, वही ग्रहण किया जाता है। (2 कुरिन्थियों 10:18)

यूनानी दार्शनिक उन विद्यार्थियों से बड़ी रकम लेते थे, जो उनसे सीखना चाहते थे। इन विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए वे अपने ज्ञान, अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा, या उन महत्वपूर्ण लोगों के बारे में घमण्ड करते थे जो उन्हें जानते और उनका सम्मान करते थे। कुरिन्थुस में घुस आए झूठे शिक्षकों की भी यही प्रथा थी (2 कुरिन्थियों 10:12; 11:19-20)

लेकिन पौलुस ने अपना ज्ञान बाँटने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया, उसने सिफारिश के पत्र प्रस्तुत नहीं किए, और उसने अपने विषय में घमण्ड नहीं किया। और इसी कारण उसे तुच्छ समझा गया! वह अपना बचाव कैसे कर सकता था?

ऐसा लगता है कि कुरिन्थियों द्वारा स्वीकार किए जाने के लिए उसे उनके सामने अपनी प्रशंसा करवाने की आवश्यकता थी। लेकिन अपनी प्रशंसा स्वयं उसे नहीं करनी थी (नीतिवचन 27:2)। पौलुस ने परमेश्वर को ही उसकी प्रशंसा करने दी (2 कुरिन्थियों 10:18)

यदि ऐसी कोई बात है जिसके विषय में हम घमण्ड या अपनी प्रशंसा कर सकते हैं, तो वह परमेश्वर को जानना और उसकी आज्ञा मानना है (यिर्मयाह 9:24; 2 कुरिन्थियों 10:17)



झूठे शिक्षकों से निपटना

प्रेरितों के वेश में धोखा देने वाले

“क्योंकि ऐसे लोग झूठे प्रेरित, और छल से काम करनेवाले, और मसीह के प्रेरितों का रूप धरनेवाले हैं।” (2 कुरिन्थियों 11:13)

पौलुस की इच्छा थी कि वह मसीह के सामने एक शुद्ध कलीसिया प्रस्तुत करे (2 कुरिन्थियों 11:2)। लेकिन कलीसिया के धोखा खा जाने का खतरा था, ठीक जैसे हव्वा धोखा खा गई थी, और इस प्रकार यीशु की दुल्हन बने रहने से दूर हो जाने का खतरा था (2 कुरिन्थियों 11:3)

असल खतरा क्या था? कुछ यहूदी, जो स्वयं को यीशु के “महान प्रेरित” बताते थे, कुरिन्थुस में आकर “दूसरे यीशु,” “भिन्न आत्मा,” और “भिन्न सुसमाचार” की शिक्षा दे रहे थे (2 कुरिन्थियों 11:4-5; गलातियों 1:8)

केवल इस तथ्य से कि कोई व्यक्ति यीशु के विषय में प्रचार करता है, यह सिद्ध नहीं होता कि वह हमें वास्तविक यीशु दिखा रहा है, जैसा कि बाइबल में प्रकट किया गया है। उनके शब्द अद्भुत हो सकते हैं, लेकिन शैतान स्वयं भी अद्भुत बातें बोलना और अपने आपको “ज्योतिर्मय दूत” के रूप में प्रस्तुत करना जानता है (2 कुरिन्थियों 11:14)

अपने कार्यों और शब्दों के द्वारा सच्चे शिक्षक “मसीह की सच्चाई” सिखाते हैं (2 कुरिन्थियों 11:9-10)। लेकिन झूठे शिक्षक, जो केवल भक्ति का दिखावा करते हैं, प्रेरितों के वेश में धोखे के सेवक हैं (2 कुरिन्थियों 11:13-15)

पौलुस और झूठे शिक्षक

“क्या वे ही इब्रानी हैं? मैं भी हूँ। क्या वे ही इस्राएली हैं? मैं भी हूँ। क्या वे ही अब्राहम के वंश हैं? मैं भी हूँ।” (2 कुरिन्थियों 11:22)



पौलुस और झूठे शिक्षकों के बीच क्या समानताएँ थीं? वे सभी ऐसे यहूदी थे जो मसीही विश्वास में परिवर्तित हो चुके थे (2 कुरिन्थियों 11:22)

उनके बीच क्या अंतर था? यहाँ से पौलुस की “मूर्खता” आरम्भ होती है: “क्या वे मसीह के सेवक हैं? (मैं इस तरह बोलकर पागल-सा हो गया हूँ।) मैं उनसे भी अधिक हूँ” (2 कुरिन्थियों 11:23) यदि वे दूसरे लोग मसीह के लिए दु:ख सहने का घमण्ड करते थे, तो पौलुस इस विषय में कहीं अधिक योग्य था: कोड़े खाना; जेल में डाला जाना; मृत्यु की धमकी मिलना; पत्थराव किया जाना; समुद्र में जहाज़ टूटने का सामना करना; हर प्रकार के खतरों से घिरे रहना; भूख, प्यास, ठंड और नग्नता सहना; और कलीसियाओं के लिए लगातार चिंता करना (2 कुरिन्थियों 11:23बी-29)

और यहीं पौलुस की “मूर्खता” समाप्त होती है। वह यह प्रभाव नहीं देना चाहता था कि वह मसीह के लिए किए गए अपने कार्यों के विषय में घमण्ड करना चाहता है। उसका सच्चा घमण्ड (या महिमा) इस बात में था कि मसीह ने उसके लिए क्या किया था।

उसकी वास्तविक सामर्थ्य उसकी निर्बलता में थी, जिसने उसे पूरी तरह यीशु पर निर्भर रहने के लिए प्रेरित किया (2 कुरिन्थियों 11:30-31; 12:6-10)

आत्म-परीक्षण और विजय

“अपने आप को परखो कि विश्वास में हो कि नहीं। अपने आप को जाँचो। क्या तुम अपने विषय में यह नहीं जानते कि यीशु मसीह तुम में है? नहीं तो तुम जाँच में निकम्मे निकले हो।” (2 कुरिन्थियों 13:5)

वह समय निकट आ रहा था जब पौलुस कुरिन्थुस आएगा। वह वहाँ क्या पाएगा और उसे उसके अनुसार कैसे कार्य करना चाहिए? (2 कुरिन्थियों 13:1-2)



पौलुस कलीसियाई अनुशासन को दृढ़ता से लागू करने के लिए तैयार था: पश्चात्ताप करने वालों को पुनःस्थापित करने और हठी लोगों को दण्ड देने के लिए।

उसे भय था कि वहाँ पहुँचने पर वह उन्हें झगड़ों और विभिन्न पापों में लिप्त पाएगा। उसे डर था कि उसे उन पापियों के लिए रोना पड़ेगा जिन्होंने पश्चात्ताप नहीं किया था (2 कुरिन्थियों 12:20-21)

इसलिए, उस समय के आने से पहले, कुरिन्थियों को मनन करना और स्वयं की जाँच करनी चाहिए थी (2 कुरिन्थियों 13:5)

पौलुस ने अपनी ओर से उनके लिए प्रार्थना की कि वे बुराई करना छोड़ दें, भलाई करें और सिद्ध किए जाएँ (2 कुरिन्थियों 13:7-9)

“परमेश्वर के लोगों को झूठे शिक्षकों के प्रभाव और अन्धकार की आत्माओं की भ्रामक शक्ति के विरुद्ध अपनी सुरक्षा के रूप में पवित्रशास्त्र की ओर निर्देशित किया जाता है। शैतान मनुष्यों को बाइबल का ज्ञान प्राप्त करने से रोकने के लिए हर सम्भव उपाय करता है; क्योंकि उसके स्पष्ट कथन उसके धोखों को प्रकट करते हैं। परमेश्वर के कार्य के प्रत्येक पुनरुत्थान के समय, बुराई का राजकुमार और भी अधिक तीव्र गतिविधि के लिए उत्तेजित हो जाता है; अब वह मसीह और उसके अनुयायियों के विरुद्ध अंतिम संघर्ष के लिए अपने पूरे प्रयास लगा रहा है। [...] नकली वस्तु वास्तविक के इतनी निकट होगी कि पवित्रशास्त्र के द्वारा ही उनके बीच भेद करना सम्भव होगा। पवित्रशास्त्र की गवाही के द्वारा प्रत्येक कथन और प्रत्येक आश्चर्यकर्म की जाँच की जानी चाहिए।”

ई जी व्हाइट (महान संघर्ष, पृष्ठ 593)